Jun 5, 2021 ·

#Word Environment Day 2021
@Institute For Education,Saraike··· See more









Principal
Institute for Education
Bijay Saraikella-Kharsawan
JHARKHAND


EDUCATION
21/06/2023 11 14



Dainik Bhaskar 05.05.2020

# लोगों को मास्क बांट रहे एनएसएस वॉलेंटियर



**सरायकेला** | कोरोना संकट में सरायकेला के विजयतरण गांव स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बीएड कॉलेज के एनएसएस विंग के छात्र-छात्राएं भी इसे लेकर खुद से मास्क तैयार कर जरूरतमंद सभी ग्रामीण जनों के बीच वितरण कर रहे हैं। एनएसएस कोऑर्डिनेटर ओम कुमार के नेतृत्व में इस दौरान वॉलंटियर्स द्वारा लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

Hindustan 05.05.2020

# एनएसएस वालंटियर खुद मास्क बना कर रहे वितरण



**सरायकेला।** कोरोना संकट के वैश्विक महामारी में सरायकेला के विजय गांव स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बीएड कॉलेज की एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राएं खुद से मास्क तैयार कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण कर रहे हैं। एनएसएस को-ऑर्डिनेटर ओम कुमार के नेतृत्व में इस दौरान वॉलिंटियर्स द्वारा लोगों को कोरोना के संक्रमण की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें लॉकडाउन का पालन करने, बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने, सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करने, मास्क का उपयोग करने सहित जागरूकता स्लोगनों द्वारा लोगों को सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



## विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल चलाकर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दिया संदेश...

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा साइकिल चलाकर पर्यावरण, इंधन और स्वास्थ्य सुरक्षा के संदेश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर ओम प्रकाश ने 3 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर इंधन बचत करने, आर्थिक लाभ हासिल करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन नियमित रूप से साइकिलिंग से बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं श्रावणी मुखर्जी, सुमन कुमारी, इंदु कुमारी, सिक्की कुमारी, वंदना कुमारी, पुष्पा कुमारी, माधुरी कुमारी, रजनी कुमार एवं अंशु देव शामिल रहे।

# पृथ्वी बचाओ ऊर्जा बचाओ पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**गणादेश ब्यूरो**



**सरायकेला:** इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में पृथ्वी बचाओ ऊर्जा बचाओ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जुस्को जमशेदपुर के पूर्व उप महाप्रबंधक मनमोहन सिंह, विशिष्ट अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती, संस्थान के निदेशक आरएन मोहंती एवं सचिव श्रीमती डॉ स्वीटी सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षिका श्रीमती श्रावणी मुखर्जी की अध्यक्षता में आयोजित उक्त संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा कहा गया कि मानव अपनी सुविधा के लिए प्रकृति को नुकसान पहुंचा चुके हैं। और मानव ही अपने प्रयास मात्र से एकजुट होकर यदि छोटी-छोटी बातों का ध्यान जीवन में रखें तो आने वाले समय में परिस्थितियां पुनः स्वच्छ वातावरण और ऊर्जा पूर्ण जीवन का हो सकता है।

डॉ शुक्ला मोहंती ने प्रकृति की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर कार्य का शुभारंभ करते हुए आसपास के गांव को भी सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया। संगोष्ठी में बेहतर विचार व्यक्त करने वाले छात्र राज मद्धेशिया, रामू सिंह, सीमा उरांव एवं तपन कुमार आचार्य को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं में ओम प्रकाश, इंदु कुमारी, सुमन कुमारी, माधुरी कुमारी, वंदना कुमारी, सिक्की कुमारी, पुष्पा कुमारी, रंजनी कुमार, मनोज कुमार दास एवं आशित महापात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बी-एड कॉलेज में मना विश्व पृथ्वी दिवस



**सरायकेला कार्यालय 22 अप्रैल :** सरायकेला अंचल के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बी-एड कॉलेज के प्रांगण में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया. इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राओं ने एक सौ पौधरोपण कर पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लिया. मौके पर छात्र छात्राओं को पृथ्वी की रक्षा कैसे और किस तरह करनी है इस संबंध में विस्तृत जानकारियां दी गई. कार्यक्रम को सफल बनाने मे एनएसएस कार्यक्रम के पदाधिकारी एवं स्वयं सेवकों की मुख्य भूमिका रही. मौके पर अनुपमा, ईशा, गोपी, आकांक्षा, स्मृति, निकिता, निवेदिता, प्रियंका, तथा सुमन कुमारी, विक्की कुमारी, पुष्पा कुमारी, इंदु कुमारी, माधुरी कुमारी, क्षमता कुमारी, प्रकाश समेत संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं.




NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Unit - I
INSTITUTE FOR EDUCATION




NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Unit - I
INSTITUTE FOR EDUCATION